आ0सं0–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–25 / 2021......................दिनांक–

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

## सकारण आदेश

संवेदक, Galaxy Communication, Ashraf Plaza, Budh Marg Road, Patna द्वारा पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र, चिरैया का निर्माण कार्य के निविदा में गलत अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड करने के कारण विभागीय निविदा समिति की दिनांक–12.02.2021 की बैठक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के प्रावधानों के तहत संवेदक पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया । ततपशचात् मुख्य अभियंता(उत्तर) के पत्रांक–317 दिनांक–19.02.2021 द्वारा अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी ।

दिनांक–05.03.2021 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव कीअध्यक्षतामें कालीकरण / निलंबन संबंधी बैठक हुई जिसमें संवेदक, Galaxy Communication, Ashraf Plaza, Budh Marg Road, Patna से विभागीय पत्रांक–2238 दिनांक–26.03.2021 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी हैं । संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब दिया गया ।

दिनांक–16.04.2021 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदकों के निलंबन / कालीकरण संबंधी बैठक में इस मामले पर विचार किया गया तथा विचारोपरांत समिति द्वारा संवेदक के स्पष्टीकरण को अमान्य करते हुए उनके निबंधन को तीन वर्षो के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया । तदालोक में विभागीय पत्रांक–2930 दिनांक–16.06.2021 द्वारा संवेदक के निबंधन को तीन वर्षों के लिए निलंबित किया गया।

संवेदक का पत्रांक–शून्य दिनांक–31.01.2024 द्वारा अपील आवेदन दायर किया गया । जिसपर दिनांक–01.03.2024 को सुनवाई हुई । संवेदक के द्वारा दिनांक–03.01.2024 को दायर अभ्यावेदन में अनुरोध किया गया कि वर्णित कागजात मेरे कम्प्यूटर ऑपरेटर की गलती के कारण भूल से अपलोड हो गयी थी। जिसके लिए उनके द्वारा क्षमा याचना भी किया गया है । अबतक वें 2 साल 8 माह की दंड अवधि बीता चुके हैं । अतः भूल स्वीकार करते हुए निलंबन मुक्त करने का अनुरोध किया गया है ।

सम्यक् विचारोपरांत संवेदक, Galaxy Communication, F/123 PC COLONY, KANKARBAGH, NEAR ASHIRWAD COMMUNITY HALL, SAMPATCHAK, PATNA-20 के निबंधन सं०–Class-2(2200065)(BCD)/2020 के अपील को स्वीकार करते हुए आदेश निर्गत होने की तिथि से निलंबन मुक्त किया जाता है ।

ह0 / –
(कुमार रवि)
सरकार के सचिव

Sec-13 Prakash(Dhananjau Sir)

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–25 / 2021..............................पटना,दिनांक–

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः–संवेदक, Galaxy Communication, F/123 PC COLONY, KANKARBAGH, NEAR ASHIRWAD COMMUNITY HALL, SAMPATCHAK, PATNA-20 के निबंधन सं०–Class-2 (2200065)(BCD)/2020 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–25 / 2021..............................पटना,दिनांक–

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, / पथ निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / ऊर्जा विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटन" / मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना / सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माणं विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के सचिव

ज्ञापांक– भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–25 / 2021.....2059 (4)..... पटना,दिनांक–5/3/24

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव